संचिका संख्या–म० / स्था०अरा०(अधी०)–16 / 2024– 2621

मत्स्य निदेशालय

नया सचिवालय, विकास भवन, बेली रोड, पटना, बिहार।

प्रेषक,

अभिषेक रंजन, भा०प्र०से०
निदेशक मत्स्य।

प्रेषित,

श्री अमित कुमार,
पिता–श्री सुरेन्द्र कुमार,
ग्राम–मथुरापुर कॉलनी, पो0–डालमियानगर,
थाना–डालमियानगर, जिला–रोहतास (सासाराम)
पिन कोड–821305
(Reg. BR00150300001743)

मत्स्य / पटना,दिनांक 26.6.2025

विषयः– विज्ञापन संख्या–03 / 2021 अंतर्गत "मत्स्य विकास पदाधिकारी" के पद पर नियुक्ति हेतु बिहार तकनीकी सेवा आयोग की अनुशंसा के आलोक में दावा समर्पित करने के संबंध में।

प्रसंगः– मत्स्य निदेशालय पत्रांक 1728 दिनांक 30.08.2022 एवं पत्रांक 2302 दिनांक 15.11.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों का स्मरण करें। बिहार तकनीकी सेवा आयोग के विज्ञापन संख्या–03 / 2021 के अंतर्गत "मत्स्य विकास पदाधिकारी" के पद पर नियुक्ति हेतु प्राप्त अनुशंसा के आलोक में काउंसलिंग में सम्मिलित होने हेतु मत्स्य निदेशालय के पत्रांक 1728 दिनांक 30.08.2022 एवं पत्रांक 2302 दिनांक 15.11.2022 द्वारा सूचित किया गया, परन्तु 03 (तीन) वर्षो से अधिक का समय व्यतीत हो जाने के बावजूद भी अपनी नियुक्ति के संबंध में आपके द्वारा किसी प्रकार की कोई सूचना / पत्र अथवा दावा कार्यालय को समर्पित नहीं किया गया है।

अतः अंतिम अवसर देते हुए सूचित करना है कि अपनी अभ्यर्थिता के संबंध में अपना पक्ष एक सप्ताह के अन्दर रखते हुए वस्तुस्थिति स्पष्ट करें। अन्यथा निर्धारित अवधि तक दावा अप्राप्त रहने की स्थिति में यह समझा जायेगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है एवं आपकी अभ्यर्थिता (Candidature) रद्द कर दी जायेगी।

विश्वासभाजन

26/06/25

निदेशक मत्स्य

ज्ञापांकः म0 / स्था०अरा०(अधी०)–16 / 2024–2621 / दिनांक 26.6.2025

प्रतिलिपिः–1. जिला मत्स्य पदाधिकारी– सह– मुख्य कार्यपालक पदधिकारी, रोहतास (सासाराम) को सूचनार्थ एवं निदेश है कि उक्त पत्र का तामिला अपने स्तर से संबंधित अभ्यर्थी को कराना सुनिश्चित करें।

2. आई०टी० मैनेजर पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

26/06/25

निदेशक मत्स्य